| Series HRS/1 |
|---|

कोड नं.
Code No. **35/1**

रोल नं.
Roll No. | | | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुखपृष्ठ पर अवश्य लिखें।
Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **32** हैं।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **40+36+15** प्रश्न हैं।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जायेगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।
- Please check that this question paper contains **32** printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **40+36+15** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minutes time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

## संकलित परीक्षा-II
## SUMMATIVE ASSESSMENT-II
# वाणिज्य
# COMMERCE

**वाणिज्य**
**COMMERCE**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | वाणिज्य के तत्त्व<br>**Elements of Business** | *निर्धारित समय : 3 घण्टे*<br>*Time allowed : 3 hours* | *अधिकतम अंक : 90*<br>*Maximum marks : 90* |
| (ii) | बहीखाता तथा लेखांकन के तत्त्व<br>**Elements of Book-Keeping and Accountancy** | *निर्धारित समय : 3 घण्टे*<br>*Time allowed : 3 hours* | *अधिकतम अंक : 90*<br>*Maximum marks : 90* |
| (iii) | टंकण (सिद्धान्त) हिन्दी/अंग्रेजी<br>**Typewriting (Theory) Hindi/English** | *निर्धारित समय : 2 घण्टे*<br>*Time allowed : 2 hours* | *अधिकतम अंक : 30*<br>*Maximum marks : 30* |

[P.T.O.

**नोट :**

1. निम्न में से कोई **एक** विषय लिया जा सकता है :
   - (i) वाणिज्य के तत्त्व ।
   - (ii) बहीखाता तथा लेखांकन के तत्त्व ।
   - (iii) टंकण (सिद्धान्त)–हिन्दी **अथवा** अंग्रेजी ।
2. टंकण (सिद्धान्त)–हिन्दी **अथवा** अंग्रेजी के लिए (अधिकतम समय : 2 घण्टे तथा अधिकतम अंक : 30)

***Note :***

1. *Any **one** of the following areas can be offered :*
   - *(i) Elements of Business.*
   - *(iii) Elements of Book-Keeping and Accountancy.*
   - *(iii) Typewriting (Theory) Hindi **or** English.*
2. *For Typewriting (Theory) Hindi **or** English (Max. Time : 2 Hours and Max. Marks : 30)*

## (i) वाणिज्य के तत्त्व

## (i) Elements of Business

**सामान्य निर्देश :**

(i) इस भाग में कुल **40** प्रश्न हैं ।

(ii) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

(iii) प्रश्न-संख्या **1** से **18** तक बहुविकल्पीय प्रश्न हैं जो प्रत्येक **एक** अंक का है । दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प को उत्तर-पुस्तिका में लिखना है ।

(iv) प्रश्न-संख्या **19** से **34** तक प्रत्येक प्रश्न **3** अंकों का है । इन प्रश्नों के उत्तर **70** शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए ।

(v) प्रश्न-संख्या **35** से **40** तक प्रत्येक प्रश्न **4** अंकों का है । इन प्रश्नों के उत्तर **150** शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए ।

(vi) एक प्रश्न के सभी भाग एकसाथ ही करने हैं ।

***General Instructions :***

*(i) This part has **40** questions in all.*

*(ii) **All** questions are compulsory.*

*(iii) Questions from Serial no. **1** to **18** are Multiple Choice Questions carrying **one** mark each. These are to be answered by writing the correct option in your answer-book.*

(iv) *Questions from serial no. **19** to **34** carry **3** marks each. Answers to such questions should not exceed **70** words.*

(v) *Questions from serial no. **35** to **40** carry **4** marks each. Answers to such questions should not exceed **150** words.*

(vi) *Attempt all parts of a question together.*

**1.** निम्नलिखित में से पूँजी का बाह्य स्रोत कौन सा है?

(अ) विकास बैंक से ऋण

(ब) बोनस अंश निर्गमन

(स) पूर्वाधिकार अंश निर्गमन

(द) लाभ का पुनर्विनियोजन 1

Which of the following is an external source of finance ?

(a) Loan from Development Bank

(b) Issue of Bonus Shares

(c) Issue of Preference Shares

(d) Ploughing back of Profit

**2.** निम्नलिखित में से वित्त स्रोत के रूप में स्वामीगत कोष कौन सा है ?

(अ) जन निक्षेप

(ब) ऋणपत्र

(स) बैंक ऋण

(द) अंश पूँजी 1

Which of the following is an owned fund as a source of finance ?

(a) Public Deposit

(b) Debentures

(c) Bank Loan

(d) Share Capital

3. ऋणपत्र का निर्गमन वित्तीय स्रोत है :

(अ) प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी का

(ब) साझेदारी फर्म का

(स) पब्लिक लिमिटेड कम्पनी का

(द) सहकारी समितियों का 1

Issue of debenture is a source of finance for :

(a) Private Limited Company

(b) Partnership Firm

(c) Public Limited Company

(d) Cooperative Societies

4. ऐसा बाजार जहाँ अंशों तथा ऋणपत्रों का क्रय-विक्रय होता है, कहलाता है :

(अ) फुटकर बाजार

(ब) स्कन्ध विपणि

(स) थोक बाजार

(द) वस्तु बाजार 1

A market where shares and debentures are purchased and sold is called :

(a) Retail Market

(b) Stock Exchange

(c) Wholesale Market

(d) Commodity Market

5. कम्पनी के समता अंशधारकों को कहा जाता है :

(अ) कम्पनी के स्वामी

(ब) कम्पनी के कार्यकारी

(स) कम्पनी के संरक्षक

(द) कम्पनी के साझेदार 1

Equity shareholders of a company are called :

(a) Owners of the company

(b) Executives of the company

(c) Guardians of the company

(d) Partners of the company

6. निम्नलिखित में से चालू दायित्व कौन सा है ?

(अ) ऋणपत्र

(ब) बैंक अधिविकर्ष

(स) पूर्वाधिकारी अंश

(द) जन निक्षेप 1

Which of the following is a current liability ?

(a) Debentures

(b) Bank overdraft

(c) Preference shares

(d) Public deposits

7. वह प्रपत्र जिसके द्वारा एक बैंक अपनी किसी दूसरी शाखा को प्रपत्र में दी गई एक निर्दिष्ट राशि का भुगतान उस व्यक्ति को करने का आदेश देती है जिसका नाम उसमें लिखा हुआ है, कहलाता है :

(अ) चैक

(ब) डिमांड ड्राफ्ट

(स) विनिमय पत्र

(द) साख का पत्र 1

The instrument through which a bank directs its another branch to pay a certain amount mentioned in the instrument to the person named therein, is called :

(a) Cheque

(b) Demand draft

(c) Bill of exchange

(d) Letter of credit

8. निम्नलिखित में वित्त का दीर्घकालीन स्रोत कौन सा नहीं है ?

(अ) पट्टाधृति (लीजिंग) वित्त

(ब) ऋणपत्र निर्गमन

(स) नकद साख

(द) बैंकों से लम्बी अवधि का ऋण 1

Which of the following is not a source of long term finance ?

(a) Leasing finance

(b) Issue of debentures

(c) Cash credit

(d) Long term loan from banks

9. एक ग्राहक को दिन में अनेकों बार पैसा जमा करने तथा अनेकों बार पैसा वापस निकालने की सुविधा बैंकों द्वारा दी जाती है :

(अ) चालू खाते में

(ब) सावधि जमा खाते में

(स) बचत बैंक खाते में

(द) आवर्ती (रिकरिंग) जमा खाते में 1

A banking facility enabling customers to deposit or withdraw cash during a day at any time is provided in :

(a) Current account

(b) Fixed deposit account

(c) Savings bank account

(d) Recurring deposit account

10. निम्नलिखित में से एक बैंक का मुख्य कार्य कौन सा है ?

(अ) ग्राहकों की जमानत देना

(ब) एजेन्सी कार्य

(स) ग्राहकों के सन्दर्भ देना

(द) जमा स्वीकार करना 1

Which of the following is a primary function of a bank ?

(a) Giving surety of the customers

(b) Agency work

(c) Giving references of the customers

(d) Accepting deposits

**11.** एक संयुक्त पूँजी कम्पनी ऋण पूँजी प्राप्त करती है :

(अ) उधार पर माल के क्रय द्वारा

(ब) पूर्वाधिकार अंश निर्गमन द्वारा

(स) ऋणपत्र निर्गमन द्वारा

(द) समता अंश निर्गमन द्वारा 1

A joint stock company receives debts capital through :

(a) Purchase of goods on credit

(b) Issue of preference shares

(c) Issue of debentures

(d) Issue of equity shares

**12.** एक चैक जिसे बैंक में प्रस्तुत करने पर भुगतान नहीं मिलता बल्कि भुगतान प्राप्तकर्त्ता के खाते में जमा किया जाता है, कहलाता है :

(अ) आदेश चैक

(ब) धारक चैक

(स) रेखांकित चैक

(द) विकृत चैक 1

A cheque which is not payable on presentation to the bank but credited in the account of the payee is called :

(a) Order cheque

(b) Bearer cheque

(c) Crossed cheque

(d) Mutilated cheque

13. एक चैक जो 1 मार्च, 2014 को निर्गमित किया गया, जिस पर 20 फरवरी, 2015 की तारीख लिखी गई है, इसे कहेंगे :

(अ) पुराना चैक

(ब) विकृत चैक

(स) पूर्व-दिनांकित चैक

(द) उत्तर-दिनांकित चैक 1

A cheque issued on 1st March, 2014 and bears a date of 20th February, 2015 is called :

(a) Stale cheque

(b) Mutilated cheque

(c) Ante-dated cheque

(d) Post-dated cheque

14. बैंकों द्वारा 24 घन्टे पैसा जमा करने तथा पैसा निकालने की दी गई सुविधा को कहते हैं :

(अ) जमा बैंकिंग

(ब) ए.टी.एम.

(स) असीमित बैंकिंग

(द) फोन बैंकिंग 1

A banking facility enabling customers to deposit or withdraw cash 24 hours a day is called :

(a) Credit banking

(b) A.T.M.

(c) Unlimited banking

(d) Phone banking

15. चैक का सबसे सुरक्षित स्वरूप है :

(अ) धारक चैक

(ब) केवल प्राप्तकर्त्ता के खाते में रेखांकित चैक

(स) अहस्तान्तरणीय केवल प्राप्तकर्त्ता के खाते में रेखांकित चैक

(द) आदेश चैक 1

Safest form of a cheque is :

(a) Bearer cheque

(b) Cheque crossed account payee only

(c) Cheque crossed not negotiable account payee only

(d) Order cheque

**16.** एक विनिमय प्रपत्र के अनादरणित होने पर नोटिंग व्यय आदि का बोझ अन्ततोगत्वा उठाना पड़ता है :

(अ) लेखक को

(ब) स्वीकारकर्ता को

(स) भुगतान प्राप्तकर्ता को

(द) बैंक को 1

In case of dishonouring of a bills of exchange the noting charges etc are ultimately borne by :

(a) Drawer

(b) Drawee

(c) Payee

(d) Bank

**17.** देनदार की स्वीकृति के हस्ताक्षरों की आवश्यकता होती है :

(अ) चैक की दशा में

(ब) विनिमय पत्र की दशा में

(स) प्रतिज्ञा पत्र की दशा में

(द) हुण्डी की दशा में 1

Signatures of acceptance of the debtor is required in case of :

(a) Cheque

(b) Bills of exchange

(c) Promissory note

(d) Hundi

18. एक विनिमय पत्र की दशा में जिस पक्ष को भुगतान करने का आदेश दिया जाता है, कहलाता है:

(अ) भुगतान प्राप्तकर्त्ता

(ब) बेचानकर्त्ता

(स) भुगतानकर्त्ता

(द) लेखक 1

In the case of bills of exchange, the party which is ordered to pay the amount is known as :

(a) Payee

(b) Endorsee

(c) Drawee

(d) Drawer

19. ऋणपत्र किसे कहते हैं ? सुरक्षित ऋणपत्रों तथा असुरक्षित ऋणपत्रों के बीच कोई दो अन्तर बताइये। 3

What is a debenture ? State any two differences between secured debentures and unsecured debentures.

20. एक व्यवसाय के लिए मध्यकालीन वित्त को निर्धारित करने वाले किन्हीं तीन घटकों की संक्षेप में व्याख्या कीजिए। 3

Explain in brief any three factors determining the medium term finance of a business.

21. स्कन्ध विपणि को परिभाषित कीजिए तथा समझाइये कि स्कन्ध विपणि को प्रतिभूतियों का द्वितीयक बाजार क्यों कहा जाता है ? 3

Define stock exchange and explain why a stock exchange is known as a secondary market of securities.

22. पूर्वाधिकार अंश क्या होते हैं ? पूर्वाधिकार अंशों के निर्गमन के किन्हीं दो दोषों को समझाइये। 3

What are the preference shares ? Explain any two disadvantages of issuing preference shares.

23. निम्नलिखित में कोई तीन अन्तर बताइये :

(i) ऋण पूँजी (ii) स्वामीगत पूँजी । 3

Give any three differences between the followings :

(i) Debt capital (ii) Owned capital.

24. भारतवर्ष में कार्यरत बैंकों के प्रकार बताइये । 3

State the types of banks working in India.

25. भारतीय रिजर्व बैंक के किन्हीं तीन सहायक कार्यों की व्याख्या कीजिये। 3

Explain any three subsidiary functions of Reserve Bank of India.

26. एक डाकघर में बचत बैंक खाता खोलने तथा उसका संचालन करने की प्रक्रिया बताइए। 3

State the procedure of opening and operating a savings bank account in a post office.

27. क्रेडिट कार्ड तथा ए.टी.एम. कार्ड के उपयोग बताइए। 3

State the use of credit card and A.T.M. card.

28. रेखांकन से क्या तात्पर्य है ? चैकों को रेखांकित करने के किन्हीं तीन तरीकों को समझाइए। 3

What is meant by crossing ? Explain any three methods of crossing of cheques.

29. संक्षेप में समझाइए : (अ) पे-इन-स्लिप, (ब) चैक बुक, (स) पास बुक। 3

Briefly explain : (a) Pay-in-slip, (b) Cheque book, (c) Pass book.

30. पृष्ठांकन से क्या तात्पर्य है ? पृष्ठांकन के कोई दो उदाहरण दीजिए। 3

What is meant by endorsement ? Give any two examples of endorsement.

31. विनिमय पत्र क्या होता है ? एक विनिमय पत्र तथा एक प्रतिज्ञा पत्र के कोई दो अन्तर बताइये। 3

What is a bill of exchange ? Give any two differences between a bill of exchange and a promissory note.

32. एक चैक तथा एक बैंक ड्राफ्ट में कोई तीन अन्तर समझाइये। 3

Explain any three differences between a cheque and a bank draft.

33. व्यापारिक बिल तथा सहायतार्थ बिल के अर्थ समझाइये । 3

Give the meaning of a trade bill and an accommodation bill.

34. हुण्डी की परिभाषा दीजिये तथा इसकी किन्हीं चार विशेषताओं को बताइये । 3

Define hundies and state any four characteristics of it.

35. आधुनिक व्यवसाय में वित्त के महत्त्व के किन्हीं चार बिन्दुओं को समझाइये । 4

Explain any four points of importance of finance in modern business.

36. एक व्यवसाय को वित्त के स्रोत के रूप में जन निक्षेपों से होने वाले किन्हीं चार लाभों को समझाइये । 4

State any four advantages of public deposits as a source of finance in a business.

37. ऐसी परिस्थितियाँ बताइए जिनमें एक बैंक किसी चैक का भुगतान करने से मना कर सकता है। 4

State the circumstances under which a bank can refuse to make payment of a cheque.

38. परक्राम्य (बेचनीय) प्रलेख क्या होता है ? इसकी मुख्य विशेषताएँ बताइए। 4

What is a negotiable instrument ? State its main characteristics.

39. 'ई'-बैंकिंग से ग्राहकों तथा बैंकों को प्राप्त कोई चार लाभ समझाइए। 4

Explain any four benefits of 'e'- banking to customers and banks.

40. एक व्यापारिक बैंक के किन्हीं चार द्वितीयक कार्यों को बताइये। 4

State any four secondary functions of a commercial bank.

## (ii) बहीखाता तथा लेखांकन के तत्त्व

## (ii) Elements of Book-Keeping and Accountancy

***सामान्य निर्देश :***

*(i) इस भाग में कुल **36** प्रश्न हैं।*

*(ii) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।*

*(iii) प्रश्न-संख्या **1** से **18** तक बहुविकल्पीय प्रश्न हैं जो प्रत्येक **एक** अंक का है। दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प को उत्तर-पुस्तिका में लिखना है।*

*(iv) एक प्रश्न के सभी भाग एकसाथ ही करने हैं।*

***General Instructions :***

*(i) This part has **36** questions in all.*

*(ii) **All** questions are compulsory.*

*(iii) Questions from serial no. **1** to **18** are Multiple Choice Questions carrying **one** mark each. These are to be answered by writing the correct option in your answer-book.*

*(iv) Attempt all parts of a question together.*

1. सामान्यत: विनिमय विपत्र का नवीनीकरण किया जाता है :

(अ) लेखक की प्रार्थना पर

(ब) भुगतानकर्त्ता की प्रार्थना पर

(स) भुगतान प्राप्तकर्त्ता की प्रार्थना पर

(द) इनमें से कोई नहीं 1

A bill of exchange is renewed generally at the request of the :

(a) Drawer

(b) Drawee

(c) Payee

(d) None of the above

2. प्राप्य विपत्र बही अंग होता है :

(अ) तलपट का

(ब) रोकड़ बही का

(स) रोजनामचे का

(द) खाता बही का 1

Bill receivable book is a part of :

(a) Trial balance

(b) Cash book

(c) Journal

(d) Ledger

3. जब बट्टे पर भुनाये हुए विनिमय पत्र का अनादरण हो जाता है तो बैंक की पुस्तकों में नाम लिखा जाता है :

(अ) स्वीकारकर्त्ता के

(ब) लेखक के

(स) प्राप्त विपत्र के

(द) देय विपत्र के

When a discounted bill is dishonoured the account debited in Bank's books is : 1

(a) Drawee's account

(b) Drawer's account

(c) Bills receivable account

(d) Bills payable account

4. विनिमय पत्र पर घटौती (छूट) दर्शाती है कि :

(अ) विनिमय पत्र का भुगतान परिपक्वता तिथि से पहले हो गया

(ब) विनिमय पत्र का भुगतान परिपक्वता तिथि के बाद में हुआ

(स) विनिमय पत्र अस्वीकृत हो गया

(द) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The rebate on a bill shows that : 1

(a) The bill has been paid before the date of maturity

(b) The bill has been paid after the date of maturity

(c) The bill has been dishonoured

(d) None of the above

5. एक बिल पर स्वीकृति की तिथि 31 जनवरी, 2014 है तथा बिल 3 महीने की अवधि का लिखा गया है। उसकी भुगतान तिथि होगी :

(अ) 1 मई, 2014

(ब) 2 मई, 2014

(स) 3 मई, 2014

(द) 4 मई, 2014

The date of acceptance of a bill is 31st January, 2014 and the bill was drawn for a period of 3 months. The date of maturity of the bill, will be :

(a) 1st May, 2014

(b) 2nd May, 2014

(c) 3rd May, 2014

(d) 4th May, 2014 1

6. विनिमय पत्र की दशा में पक्ष जिसे भुगतान करने का आदेश दिया जाता है, वह कहलाता है :

(अ) भुगतान प्राप्तकर्त्ता

(ब) बेचान प्राप्तकर्त्ता

(स) स्वीकारकर्त्ता

(द) लेखक

In the case of bills of exchange the party which is ordered to pay the amount is known as :

(a) Payee

(b) Endorsee

(c) Drawee

(d) Drawer 1

7. जब विनिमय पत्र को भुगतान तिथि से पूर्व घटौती (छूट) पर वापस किया जाता है तो भुगतान प्राप्तकर्त्ता की पुस्तकों में खातों के नाम किया जाता है :

(अ) प्राप्य विपत्र खाता

(ब) रोकड़ खाता तथा घटौती (छूट) खाता

(स) केवल रोकड़ खाता

(द) केवल घटौती (छूट) खाता 1

While retiring a bill under rebate the accounts to be debited in the books of payee are :

(a) Bills receivable account

(b) Cash account and rebate account

(c) Only cash account

(d) Only rebate account

**8.** राहुल को उसके द्वारा कार की मरम्मत करने की मजदूरी का भुगतान ₹ 2000 उसके व्यक्तिगत खाते के नाम की ओर लिख दिये गये। यह है :

(अ) लोप अशुद्धि

(ब) क्षतिपूरक अशुद्धि

(स) लेख अशुद्धि

(द) सैद्धान्तिक अशुद्धि 1

For repairing a car by Rahul the wages paid to him ₹ 2000 have been debited to his personal account. It is an :

(a) Error of omission

(b) Compensating error

(c) Error of commission

(d) Error of principle

**9.** क्रय वापसी बही का योग ₹ 3000 अधिक लगाया गया। सुधार प्रविष्टि में क्रय वापसी खाते में :

(अ) जमा होगा ₹ 3000

(ब) नाम होगा ₹ 3000

(स) जमा होगा ₹ 6000

(द) नाम होगा ₹ 6000 1

Purchases return book was overcast by ₹ 3000. In rectifying entry the purchase return book will be :

(a) Credited by ₹ 3000

(b) Debited by ₹ 3000

(c) Credited by ₹ 6000

(d) Debited by ₹ 6000

10. उचन्ति खाता दर्शाता है :

(अ) नाम शेष

(ब) जमा शेष

(स) दोनों में से कोई भी

(द) इनमें से कोई नहीं 1

Suspense account shows :

(a) Debit balance

(b) Credit balance

(c) Either of the two

(d) None of the above

11. किराये के भुगतान ₹ 7,000 की प्रविष्टि किराये खाते के जमा की ओर ₹ 9,000 से की गई है। शुद्ध प्रविष्टि में किराया खाता नाम होगा :

(अ) ₹ 2000

(ब) ₹ 16000

(स) ₹ 7000

(द) ₹ 9000 1

Rent paid amounting to ₹ 7,000 was credited to rent account with ₹ 9000. In rectifying entry the rent account should be debited by :

(a) ₹ 2000

(b) ₹ 16000

(c) ₹ 7000

(d) ₹ 9000

12. एक पुराना कम्प्यूटर जो कार्यालय में उपयोग हुआ था, बेच दिया गया। खाता जमा होगा :

(अ) क्रय खाता

(ब) पूँजी खाता

(स) विक्रय खाता

(द) कम्प्यूटर खाता 1

An old computer that had been used in the office was sold. The account to be credited will be :

(a) Purchases account

(b) Capital account

(c) Sales account

(d) Computer account

13. ₹ 3,000 मूल्य के माल का उपयोग स्वामी के गृह उपयोग के लिए एक सम्पत्ति बनाने में हुआ, नाम में लिखा जाना चाहिए :

(अ) सम्पत्ति खाता

(ब) आपूर्तिकर्त्ता का खाता

(स) क्रय खाता

(द) स्वामी का व्यक्तिगत खाता 1

Goods worth ₹ 3,000 were used in making an asset for domestic use of the proprietor, should be debited to :

(a) Asset account

(b) Suppliers account

(c) Purchases account

(d) Proprietors personal account

14. सम्पत्तियों पर ह्रास काटने की घटती किश्त पद्धति में ह्रास की राशि :

(अ) प्रतिवर्ष बढ़ती है

(ब) प्रतिवर्ष घटती है

(स) स्थाई रहती है

(द) इनमें से कोई नहीं है 1

Under diminishing balance method of charging depreciation on assets the amount of depreciation :

(a) Increases every year

(b) Decreases every year

(c) Remains constant

(d) None of these

15. किसी सम्पत्ति के विक्रय पर होने वाली हानि को नाम किया जाता है :

(अ) संचय खाते में

(ब) ह्रास खाते में

(स) लाभ–हानि खाते में

(द) उपरोक्त में से किसी में नहीं 1

Loss on sale of an asset is debited to :

(a) Reserve account

(b) Depreciation account

(c) Profit and loss account

(d) None of the above

16. ह्रास एक प्रक्रिया है :

(अ) सम्पत्तियों के मूल्यांकन की

(ब) लागत के नियतन की

(स) सम्पत्तियों के मूल्यांकन तथा लागत के नियतन दोनों की

(द) उपरोक्त में से कोई नहीं 1

Depreciation is a process of :

(a) Valuation of assets

(b) Allocation of cost

(c) Both of valuation of asssets and allocation of cost

(d) None of the above

17. स्थाई किशत पद्धति में सम्पत्ति पर ह्रास की राशि की गणना की जाती है, घटाने के बाद :

(अ) स्थापन व्यय

(ब) अवशेष मूल्य

(स) क्रय पर दिया गया कमीशन

(द) इनमें से कोई नहीं 1

Under fixed instalment method depreciation is calculated on the asset after deducting the :

(a) Installation charges

(b) Scrap value

(c) Commission paid on purchases

(d) None of these

**18.** सम्पत्तियों पर ह्रास काटने का कारण होता है :

(अ) सम्पत्तियों का भौतिक उपयोग व टूट-फूट

(ब) सम्पत्तियों के बाजार मूल्यों में कमी

(स) मुद्रा अवमूल्यन

(द) उपरोक्त में से कोई नहीं 1

Depreciation of assets arises on account of :

(a) Physical wear and tear

(b) Fall in market value of assets

(c) Fall in the value of money

(d) None of the above

**19.** एक विनिमय विपत्र के लेखक द्वारा अपनी पुस्तकों में निम्नलिखित दशाओं में क्या प्रविष्टियाँ की जायेंगी ?

(i) जब परिपक्वता तिथि तक बिल को अपने पास रखा जाता है तथा समय पर भुगतान प्राप्त कर लिया जाता है

(ii) जब बैंक से बट्टे पर बिल को भुना लिया जाता है

(iii) जब समय से पूर्व घटौती पर स्वीकारकर्त्ता से भुगतान प्राप्त कर लिया जाता है 3

What journal entries will be passed by the drawer of a bills of exchange in his books in the following cases ?

(i) When the bill is retained till due date and encashed on maturity

(ii) When the bill is discounted with the bank

(iii) When the bill is retired under rebate before the due date

20. निम्नलिखित के लिए लेखक की पुस्तकों में आवश्यक रोजनामचा प्रविष्टियाँ कीजिए :

राकेश की ₹ 8000 की स्वीकृति गोविन्द के लिए जिसकी भुगतान तिथि आज थी का 6% वार्षिक की दर से ब्याज लगाकर 3 माह के लिए नवीनीकरण किया गया। 3

Pass the necessary journal entries in the books of drawer :

Rakesh's acceptance for ₹ 8000 to Govind due today was renewed along with interest @ 6% p.a. for 3 months.

21. एक प्रतिज्ञापत्र में लिप्त पक्षों के नाम बताइए तथा उनके कर्तव्यों को समझाइये। 3

Name the parties involved in a promissory note and explain their duties.

22. ऐसी किन्हीं तीन अशुद्धियों के उदाहरण दीजिए, जो तलपट तैयार करने से उजागर नहीं हो पाती हैं। 3

State any three examples of errors which cannot be located by the preparation of trial balance.

23. सैद्धान्तिक अशुद्धियाँ क्या होती हैं ? ऐसी किन्हीं दो अशुद्धियों के उदाहरण दीजिए। 3

What is meant by errors of principles ? Give any two examples of such errors.

24. सम्पत्तियों पर घटता शेष प्रणाली से ह्रास काटने के लाभों की व्याख्या कीजिए। 3

Explain the advantages of charging depreciation on assets according to diminishing balance method.

25. ह्रास की गणना को प्रभावित करने वाले किन्हीं तीन घटकों की व्याख्या कीजिये। 3

Explain any three factors affecting the calculation of depreciation.

**26.** ह्रास, रिक्तीकरण तथा परिशमन को उदाहरण देकर अर्थ सहित समझाइये। 3

Explain the meaning of depreciation, depletion and amortisation with examples.

**27.** विनिमय विपत्र क्या होता है ? इसके किन्हीं तीन लाभों को समझाइये। 4

What is a bill of exchange ? Explain its any three advantages.

**28.** निम्नलिखित अशुद्धियों को ठीक करने के लिए रोजनामचा प्रविष्टियाँ कीजिए।

(i) कार्यालय किराया ₹ 1000 का भुगतान का लेखा भूस्वामी के व्यक्तिगत नाम में किया गया।

(ii) पुरानी मशीन का विक्रय ₹ 5500 विक्रय खाते में जमा किया गया।

(iii) ₹ 18000 के उधार माल के क्रय का लेखा पुस्तकों में नहीं किया गया।

(iv) ₹ 10200 फर्नीचर क्रय का लेखा क्रय बही में किया गया। 4

Pass journal entries rectifying the following errors :

(i) Office rent of ₹ 1000 was debited to the personal account of land-lord.

(ii) Old machinery was sold for ₹ 5500 was credited to sales account.

(iii) Credit purchase of goods ₹ 18000 was omitted to be recorded.

(iv) Purchase of furniture ₹ 10200 was recorded in purchase book.

**29.** ऐसी किन्हीं चार प्रकार की अशुद्धियों को उदाहरण सहित समझाइये, जो तलपट बनाने से प्रकट हो जाती हैं। 4

Explain any four types of errors with examples which are disclosed by preparation of trial balance.

**30.** निम्नलिखित अशुद्धियों का सुधार कीजिए :

(i) अरुण को ₹ 700 के माल विक्रय का लेखा ₹ 750 से किया गया।

(ii) बाबू को ₹ 400 के माल वापसी का लेखा ₹ 300 से किया गया।

(iii) लालू से ₹ 9000 के उधार माल का क्रय लेखा ₹ 9900 से किया गया।

(iv) सोनू द्वारा ₹ 1000 माल वापसी का लेखा ₹ 1600 से किया गया। 4

Rectify the following errors :

(i) Goods sold on credit to Arun was recorded in books as ₹ 750 instead of ₹ 700.

(ii) Goods returned to Babu for ₹ 400 was recorded as ₹ 300.

(iii) Goods purchased from Laloo on credit ₹ 9000 was recorded as ₹ 9900.

(iv) Goods returned by Sonu ₹ 1000 was recorded as ₹ 1600.

**31.** निम्नलिखित के लिए आवश्यक रोजनामचा प्रविष्टियाँ कीजिए :

(i) अन्तिम रहतिये को गतवर्ष ₹ 7000 से कम दिखलाया गया था।

(ii) विनियोगों पर उपार्जित ब्याज ₹ 5000 का कोई लेखा नहीं किया गया है। 4

Pass the necessary journal entries for the following :

(i) Last year the closing stock was under cast by ₹ 7000.

(ii) Interest accrued on investments ₹ 5000 was not recorded anywhere.

**32.** सम्पत्तियों पर ह्रास काटने के किन्हीं चार उद्देश्यों को समझाइये। 4

Explain any four objectives for providing depreciations on assets.

33. 'अ' ने 'ब' पर एक बिल 3 महीने की अवधि का ₹ 3000 का लिखा। 'ब' ने स्वीकार करके 'अ' को लौटा दिया। 'अ' ने वह बिल 'स' को पृष्ठांकित (बेचान) कर दिया। भुगतान तिथि पर बिल अनादृत हो गया। 'अ', 'ब' तथा 'स' की पुस्तकों में रोजनामचा प्रविष्टियाँ कीजिए। 6

'A' drew a bill for ₹ 3000 on 'B' for 3 months. 'B' after giving his acceptance, returned it to 'A'. 'A' endorsed the bill to 'C'. On due date the bill was dishonoured. Pass the journal entries in the books of A, B and C.

34. विनिमय विपत्र की किन्हीं छः विशेषताओं को बताइये। 6

State any six characteristics of a bill of exchange.

35. एक पक्षीय अशुद्धियाँ तथा द्विपक्षीय अशुद्धियों का क्या तात्पर्य होता है? दोनों के दो-दो उदाहरण देकर समझाइये। 6

What is meant by one sided errors and two sided errors ? Give two examples of each and explain.

36. आशुतोष एन्ड सन्स ने एक मशीन ₹ 600,000 की लागत की 1 अप्रैल, 2011 को क्रय की। 30 सितम्बर, 2013 को उन्होंने एक और मशीन ₹ 300,000 की क्रय की। मशीनों पर 10% वार्षिक की दर से सीधी रेखा पद्धति से ह्रास काटा जाता है। खाते प्रतिवर्ष 31 दिसम्बर को बन्द होते हैं। तीन वर्ष के लिए मशीनरी खाता तैयार कीजिए। 6

Ashutosh & Sons purchased a machine on 1$^{st}$ April, 2011 for ₹ 600,000. They purchased additional machinery for ₹ 300,000 on 30$^{th}$ September, 2013. Depreciation is charged at 10% p.a. on straight line method. Assuming that the accounts are closed on 31$^{st}$ December every year. Prepare machinery account for 3 years.

## (iii) टंकण (सिद्धान्त) हिन्दी / अंग्रेजी

## (iii) Typewriting (Theory) Hindi / English

***सामान्य निर्देश :***

*(i)* *इस भाग में कुल **15** प्रश्न हैं।*

*(ii)* ***सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।*

*(iii)* *प्रश्न-संख्या **1** से **6** तक के प्रश्न बहुत छोटे उत्तर वाले हैं और प्रत्येक प्रश्न **एक** अंक का है।*

*(iv)* *प्रश्न-संख्या **7** से **12** तक प्रत्येक प्रश्न **2** अंकों का है। इनके उत्तर छोटे होने चाहिए और **60** शब्द प्रति प्रश्न से अधिक के नहीं होने चाहिए।*

*(iv)* *प्रश्न-संख्या **13** से **15** तक प्रत्येक प्रश्न **4** अंकों का है। इन प्रश्नों के उत्तर **100** शब्दों से अधिक के नहीं होने चाहिए।*

***General Instructions :***

*(i)* *This part has **15** questions in all.*

*(ii)* ***All** questions are compulsory.*

*(iii)* *Questions from serial no. **1** to **6** are very short answer questions and each question carry **one** mark.*

*(iv)* *Questions from serial no. **7** to **12** carry **2** marks each. Answers to such questions should not exceed **60** words.*

*(v)* *Questions from serial no. **13** to **15** carry **4** marks each. Answers to such questions should not exceed **100** words.*

**1.** कालम E तथा कतार 15 को दर्शाने वाले सेल का नाम बताइये। विकल्प नीचे दिए गए हैं :

(अ) OE 15 (ब) 15 E

(स) E 15 (द) 15 EO 1

Name the cell indicating column E and row 15. Options are given below :

(a) OE 15 (b) 15 E

(c) E 15 (d) 15 EO

**2.** एम. एस. ऐक्सेल में एक सूत्र निश्चित रूप से किस चिह्न से प्रारम्भ होना चाहिए ? 1

With which sign must a formula in M.S. Excel start ?

3. अर्द्धविराम टाइप करने के उपरान्त कितने स्थान प्राय: खाली छोड़े जाते हैं ?

(अ) एक
(ब) दो
(स) तीन
(द) इनमें से कोई नहीं 1

How many spaces are ideally left after typing semicolon ?

(a) one
(b) two
(c) three
(d) none of these


4. तीव्र गति से टाइप करते समय होने वाली निम्नलिखित अशुद्धियों के अर्थ समझाइये :

(अ) लय की कमी
(ब) असंगत प्रहार (स्ट्रोकिंग) 1

Explain the meaning of the following errors committed while typing speedily:

(a) Lack of rhythm
(b) Improper stroking

5. निम्नलिखित प्रूफ सुधार चिह्नों में से कौन सा चिह्न 'संकेत की गई सामग्री को लिखिये' प्रकट करता है ?

(अ) 
(ब) 
(स) #
(द)  1

Which of the following proof correction signs indicates 'insert the matter indicated' ?

(a) 
(b) 
(c) #
(d) 

6. निम्नलिखित के लिए प्रूफ सुधार चिह्न बनाइये :

"बिना अनुच्छेद टाइप कीजिए" ? 1

Give the proof correction sign for the following :

"Type without paragraph" ?

7. (अ) ऐक्सेल में 'ए' से 'जेड' तक का प्रयोग कतारों के लिए किया जाता है या कॉलमों के लिए ?

(ब) ऐक्सेल में 1, 2, 3, ......... का प्रयोग कतारों के लिए किया जाता है या कॉलमों के लिए ? 1+1=2

(a) Are A to Z used to number rows or columns in Excel ?
(b) Are 1, 2, 3 .......... used to number rows or columns in Excel ?

8. स्प्रैड शीट क्या होती है ? 2

What is a spread sheet ?

9. 'सकल गति' का क्या तात्पर्य होता है ? इसकी गणना कैसे की जाती है ? 2

What is meant by 'gross speed' ? How is it calculated ?

10. निम्नलिखित टाइपराइटिंग अशुद्धियों को चिह्नित करने से सम्बन्धित नियमों को समझाइये :

(i) स्थान परिवर्तन

(ii) एक-दूसरे के ऊपर टाइप करना 2

Explain the rules regarding marking of the following typewriting mistakes :

(i) Shifting

(ii) Over typewriting

11. एक अन्तिम प्रूफ को पढ़ते समय ध्यान में रखने वाली किन्हीं दो सावधानियों को समझाइये। 2

Explain any two precautions which should be kept in mind while reading a final proof.

12. प्रूफ सुधार में उपयोग में लाये जाने वाले निम्नलिखित चिह्नों के अर्थ बताइये :

(i) trs.

(ii) ctr. 2

Give the meaning of the following signs used in proof correction :

(i) trs.

(ii) ctr.

13. छात्रों के अंकों का रिकॉर्ड रखने के लिए एक स्प्रैड शीट तैयार की गई है। ऐसी ही स्प्रैड शीट का एक हिस्सा नीचे दिया गया है :

| क्र. सं. | नाम | अंग्रेज़ी | गणित | हिन्दी | एसएससी | एस सी आई |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मयंक | 90 | 88 | 77 | 56 | 78 |
| 2. | शान्ति | 88 | 77 | 56 | 90 | 90 |
| 3. | अग्निवेश | 66 | 90 | 88 | 77 | 56 |
| 4. | रानू | 56 | 77 | 77 | 56 | 90 |
| 5. | हर्ष | 90 | 88 | 77 | 56 | 78 |
| 6. | राकेश | 88 | 77 | 56 | 90 | 90 |
| 7. | नेहा | 66 | 90 | 88 | 77 | 56 |
| 8. | सोना | 56 | 77 | 77 | 56 | 90 |
| 9. | बिन्दु | 90 | 88 | 77 | 56 | 78 |
| 10. | कमल | 88 | 77 | 56 | 90 | 90 |

अब वर्ड प्रोसेसर में निष्पादन रिपोर्ट तैयार करनी है। उस रिपोर्ट में रेंज ए 4 से जी 9 तक सम्मिलित होनी है। इस स्थिति पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(अ) चुनी हुई रेंज को चस्पा करने के लिए की–बोर्ड शॉर्ट–कट क्या है ?

(ब) उपरोक्त रेंज में कितनी कक्षिकायें (सेल) हैं ?

(स) माउस का उपयोग करने पर रेंज ए 4 : जी 9 का चुनाव कैसे होगा ?

(द) आप प्रलेख में स्प्रैड शीट का एक खण्ड किस प्रकार सम्मिलित करेंगे ? 4

A spread sheet has been created to keep the record of marks of students. A portion of such a spread sheet is given below :

| S. No. | Name | ENG | MATHS | HINDI | SSC | SCI |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Mayank | 90 | 88 | 77 | 56 | 78 |
| 2. | Shanti | 88 | 77 | 56 | 90 | 90 |
| 3. | Agnivesh | 66 | 90 | 88 | 77 | 56 |
| 4. | Ranu | 56 | 77 | 77 | 56 | 90 |
| 5. | Harsh | 90 | 88 | 77 | 56 | 78 |
| 6. | Rakesh | 88 | 77 | 56 | 90 | 90 |
| 7. | Neha | 66 | 90 | 88 | 77 | 56 |
| 8. | Sona | 56 | 77 | 77 | 56 | 90 |
| 9. | Bindu | 90 | 88 | 77 | 56 | 78 |
| 10. | Kamal | 88 | 77 | 56 | 90 | 90 |

Now a performance report has to be created in word processor. In that report the range A4 to G9 has to be included. Based on this situation answer the following :

(a) What is the keyboard shortcut to paste the selected range ?

(b) How many cells are there in the above mentioned range ?

(c) How will the range A4 : G9 be selected using mouse ?

(d) How will you include a portion of a spread sheet into documents ?

**14.** टाइपराइटिंग में गति एवं शुद्धता के विकास के लिए क्या कदम उठाए जाने चाहिए ? 4

What steps should be taken for the development of speed and accuracy in typewriting ?

**15.** निम्नलिखित प्रलेख को प्रत्येक लाइन के सम्मुख सुधार किये हुए चिह्नों को ध्यान में रखते हुए दोबारा लिखिये : 4

| | |
|---|---|
| | मैं यह कहना चाहता हूं कि समाज भी सरकारी |
| ∂ वे λ | कर्मचारियों से ये यह अपेक्षा करता है कि वह |
| \|–\|λ | अपने कर्त्तव्यों का पालन भलीλ भांति करें। यह |
| ⊃λ | तभी संभव हो सकता है जब कि सरकारी |
| | कर्मचारियों को नौकरी की सुरक्षा प्राप्त हो। |
| #λ | उच्चतम न्यायालय ने हालही में अपने निर्णय |
| | में अनुशासनात्मक अधिकारी को संबंधित कर्मचारी |
| अपनेλ | को अनके पक्ष में कुछ दलीलें पेश करने का |
| | अवसर दिए बिना ही एवं बिना किसी जांच के, |
| | उन्हें नौकरी से बर्खास्त करने या उनका ओहदा |
| | क म  क र ने  का  द ण्ड  दे ने  का। |
| Trs.λ | जो समर्थन विवेकपूर्ण |
| | 1 3 2 दिया है वह निश्चय ही |
| dλ | अति अत्यन्त चिंता का विषय है। यदि न्यायालयों |
| #λ | में भी ऐसा हुआ तोλ जनता का विश्वास न्याय |
| | से उठ जाएगा। |

**Or**

Rewrite the following document incorporating the corrections marked against each line : 4

| | | |
|---|---|---|
| | I have always ‸ wanting to | ‸been |
| | write an essay "Why Good Books | |
| not/ | are never available and Bad | |
| | Books always are" (c) but I have | /θ |
| | always deferred doing so in | |
| e/θ/ | difference to my friends in book | |
| | trade! I have now ‸ forced to | ‸been |
| | do so because of the number | |
| | of letters and queries being | /θ |
| | received from readers complaining | |
| non-/ | of the ‸availability of some of the | |
| | titles I mention in my columns. | lc/ |
| N.P.// | [There are two simple things of | |
| | the book trade in India. First, | |
| has/ | it ‸ everything to do with business | |
| | and nothing to do with books. | |
| θ/ | Business (very) (simply) has to do | θ/ |
| | with profit margins and the rates | |
| | of return on capital and has | |
| do/ | nothing to ‸ with larger interests. | |